तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
विष्णु सरकार में जिला खनिज न्यास का बेहतर तरीके से हो रहा उपयोग : लखनलाल



## खबर संक्षेप

### निगरानी समिति की बैठक आज

**कोरबा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) वर्ष 2025-26 के चतुर्थ त्रैमास की बैठक सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में आहूत की गई है।

### न्यायिक कर्मचारी संघ का वनभोज 26 को

**कोरबा।** न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा 26 जनवरी को वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार टेंगवर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्य के तनावपूर्ण माहौल से निकलकर कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस्य, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। मुख्य आकर्षण एवं मार्गदर्शन में यह आयोजन प्रशासनिक अधिकारी श्री शरद कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम में न्यायलयीन कार्यप्रणाली के रीढ़ माने जाने वाले तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारी सपरिवार सम्मिलित होंगे।

### कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती हेतु दावा आपत्ति 29 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली के आंगनबाड़ी केन्द्र बिच्छीडुग्गू/ केराकछार, समरमुड़ा/ परसदा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और समरमुड़ा/ परसदा, धवईहापारा/ नवापारा, उरांवपारा/ माखनपुर, कन्हैयापारा/ कर्रानवापारा में सहायिका भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दी गई है। मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां 29 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदिकाएं कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10 से 5.30 बजे तक परियोजना कार्यालय में अपनी दावा आपत्तियां जमा कर सकती हैं।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में शैक्षिक गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाना, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं की सुनियोजित एवं प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विकासखंडवार शैक्षणिक स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन को विषयवार आंकने, कमजोर विषयों की पहचान करने तथा पिछले वर्ष के परीक्षा परिणामों की तुलना के आधार पर सुधारात्मक रणनीति अपनाने के निर्देश दिए व स्पष्ट किया कि केवल परिणाम नहीं, बल्कि सीखने की गुणवत्ता और अवधारणाओं की स्पष्टता पर भी विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

### एटक का 12 को एकदिवसीय हड़ताल

**कोरबा।** एटक बालको की कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक 19 जनवरी को आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों केआह्वान पर केंद्र सरकार के द्वारा श्रमिक विरोधी जो चार श्रम संहिता लागू की गई है उसके खिलाफ में 12 फरवरी को एकदिवसीय हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन के महासचिव सुनील सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा 44 श्रम कानून को चार श्रम संहिता में बदलने के लिए 2014 से कर रही थी लेकिन बीच में किसानों के आंदोलन और मजदूरों ने के आंदोलन से उसे संसद में पारित नहीं करवा पा रही थी उसके पश्चात अचानक रातों रात घोषणा की गई की चार श्रम संहिता लागू कर दी गई है यह 4 श्रम संहीता पूरी तरह मजदूर विरोधी है जिसका विरोध 12 फरवरी को किया जाएगा।

# जिले में ओबीसी वर्ग का कन्या छात्रावास है संचालित, बालक छात्रावास का प्रस्ताव ठण्डे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में पिछड़ा वर्ग छात्रों के लिए सभी ब्लाकों में एक एक छात्रावास के संचालित करने के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से मांग उठने लगी है। विभाग ने इस दिशा पर पहल करते हुए राज्य शासन को प्रस्ताव भी भेजा है। वर्तमान में केवल कन्या छात्रावास संचालित है जिससे सभी छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाता।

आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए छात्रावास संचालित है। इसके साथ ही कन्या और बालक आश्रम की भी सुविधा इस वर्ग के छात्रों को है। कहीं 50 सीटर, 100 सीटर, प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की सुविधा है जहां इस वर्ग के छात्र छात्राओं को रहने की सुविधा मिल रही है। इन सबके बीच पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए भी छात्रावास संचालन को लेकर पिछले लंबे समय से आवश्यकता महसूस हो रही है और इसके लिए जनपद व जिला पंचायत की बैठकों में भी मुद्दा उठ चुका है। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के द्वारा भी छात्रावास संचालन को लेकर आवश्यकता जताते हुए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश विभाग को दिए थे। जिले के ब्लॉक मुख्यालय में हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी में पिछड़ा वर्ग के छात्रों की संख्या भी पिछले कुछ वर्षों से बढ़ी है उस दृष्टि से ब्लॉक मुख्यालय में भी इस वर्ष के छात्रों को कोई सुविधा नहीं है। हालांकि जिले में पिछड़ा वर्ग के लिए एक छात्रावास का संचालन किया जा रहा है लेकिन सीट कम होने की वजह से सभी छात्राओं को प्रवेश मिलना मुश्किल हो जाता है।

### विभाग के द्वारा शासन को पूर्व में भी भेजा गया है प्रस्ताव

**खास बातें**

- आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत एसटी एससी वर्ग के लिए 183 छात्रावास




### कस्तूरबा आश्रम में सीट संख्या बढ़ाने की मांग

जिले के पांचों विकासखंड मुख्यालय में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का संचालन हो रहा है लेकिन यहां सीट संख्या 100 तक होने के कारण प्रवेश को लेकर मारा मारी मची रहती है। आश्रम में सीट संख्या बढ़ाने की मांग भी की जा रही है। आश्रम के संचालन के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों से फंड का आबंटन होता है किंतु जब से कस्तूरबा गांधी विद्यालय योजना शुरु हुई है तबसे लेकर अब तक किसी भी ब्लॉक के आवासीय विद्यालय में सीट संख्या नहीं बढ़ी है। रामपुर विधानसभा के विधायक फूल सिंह राठिया ने भी आवासीय विद्यालय में सीट संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित किया था किंतु अब तक इस पत्र पर पहल होती नहीं दिख रही है।

## 29 जनवरी तक होगी खरीदी, 9 लाख क्विंटल का कट चुका है टोकन

# दो दिन में उपार्जन केंद्रों में धान के जाम होने का आंकड़ा पहुंचा 8 लाख क्विंटल के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मार्कफेड के द्वारा बीते दो दिन से सभी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं करने के कारण धान जाम रहने का आंकड़ा 8 लाख क्विंटल के करीब पहुंच गया है। 29 जनवरी तक खरीदी की अंतिम तिथि तय की गई है और 9 लाख का टोकन कट चुका है। समितियों में धान के जाम रहने के कारण अब खरीदे गए धान को रखने का संकट खड़ा हो गया है। जिसका स्थायी विकल्प नहीं निकल पा रहा है।

**खास बात**

- मार्कफेड ने दो दिन से समितियों से धान के उठाव की प्रक्रिया की है बंद



उठाव नहीं होने से समितियों में जाम पड़ा धान।

पहली बार राज्य शासन के द्वारा प्रदेश के कुछ राइस मिलर्स ने धान की रिसाइलिंग होने का मामला सामने आने के बाद उठाव की प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने से समितियों में धान के जाम रहने की समस्या खड़ी हो गई है। अब तक 21 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है और 9 लाख क्विंटल तक का टोकन भी कट चुका है और अभी खरीदी लगातार हो चुकी है। उन समितियों में धान रखने का संकट खड़ा हो गया है। जहां धान रखने की जगह ही नहीं बची है। एक तरफ प्रशासन ने खरीदी नहीं बंद करने के निर्देश समिति प्रबंधकों को दिए हैं तो वहीं दूसरी तरफ धान के उठाव को शासन द्वारा बंद किए जाने से समिति प्रबंधकों के सामने असमंजस तक की स्थिति निर्मित हो गई है आखिर खरीदे गए धान को कहां रखा जाए और उठाव की प्रक्रिया कब तक शुरु होगी किसानों को इसकी चिंता बनी हुई है। हालांकि अधिकांश समिति प्रबंधकों ने अधिकारियों के सामने लिखित रुप से अपनी समस्या को अवगत करा दिया है।

### शुरू नहीं हुआ उठाव

समितियों से धान उठाव पर रोक लगी हुई है। लगातार खरीदी से धान समितियों में पहुंच रहा है। रखने के लिए अलग से जगह की व्यवस्था करने को समितियों से कहा गया है। उठाव नहीं होने पर धान के जाम होने का आंकड़ा लगातार बढ़ते जा रहा है।

**-तीर्थराज,** जिला विपणन अधिकारी

### किराया में जगह लेने की मजबूरी

बड़े धान उपार्जन केंद्र जहां कुल खरीदी का आंकड़ा 85 हजार क्विंटल से अधिक रहता है उन केंद्रों के प्रबंधकों को खरीदे गए धान को रखने के लिए किराये में किसानों के खेत लेने की मजबूरी हो रही है। अगर उठाव पर लगी रोक लंबी चली तो बड़े उपार्जन केंद्र के प्रबंधकों को किराये में जगह लेना आवश्यक हो जाएगा अन्यथा उनके सामने खरीदी को बंद करने की स्थिति निर्मित हो जाएगी।

# लूटपाट के मामले में आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पाली और चैतमा चौकी क्षेत्र में लूटपाट के घटना को अज्ञात आरोपियों ने अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया जहां पड़ोसी जिला बिलासपुर के रतनुपर पुलिस ने इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने पाली और चैतमा में वारदात को अंजाम दिया था।

**खास बात**

- चैतमा और पाली में वारदात को दिया था अंजाम

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुटा निवासी जगत नेताम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 9 जनवरी को रात्रि 8:30 बजे पूटा के पास इसके साथ दो पल्सर मोटर सायकल में 4 युवको द्वारा झपटमारी कर जगत नेताम के पास से 2 हजार रू की लूटपाट किये थे। जगत नेताम की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपपियों के खिलाफ धारा- 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव द्वारा मामले की छानबीन की जा रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने पाली निवासी श्रीयष परिहार उर्फ कान्हा परिहार को गिरफतार किया गया है। गिरफतार आरोपी से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल जप्त की गई है। मामले एक अन्य आरोपी वेदप्रकाश वैष्णव ऊर्फ नीलेश वैष्णव ⏭ शेष पेज 3 पर

# टी-बार की आड़ में चल रही है अड्डेबाजी, पुलिस ने सिखाया सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घंटाघर निहारिका क्षेत्र में टी बार की आड़ में जमकर शराबखोरी की जा रही है और शहर का माहौल बिगड़ते जा रहा है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी साफ फरमान जारी किया है जिसके बाद सिविल लाईन पुलिस ने ऐसे स्थानों का औचक निरीक्षण कर छापामारी कर रही है और लोगों को सबक भी सिखा रही है ताकि ऐसी गतिविधियों पर शिकंजा कसा जा सके।

**खास बात**

- निहारिका और घंटाधर में पुलिस ने की थी छापेमारी की कार्यवाही



टी बार में कार्रवाई करती पुलिस।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के संवेदनशील एवं अड्डेबाजी वाले क्षेत्र घंटाघर तिराहा टीबार के पास पुलिस द्वारा एमसीपी (मोबाइल चेकिंग पॉइंट) लगाकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चेकिंग के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत 3 प्रकरण धारा 185 एमवी एक्ट एवं 7 प्रकरण अन्य विभिन्न धाराओं ⏭ शेष पेज 3 पर

# दो सूने मकानों में चोरों का धावा, जेवरात सहित नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की दो घटनाएं सामने आयी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- सिविल लाईन व करतला थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुर्रीकटरा निवासी रामप्रसाद अगरिया वर्ष 48 वर्ष पिता मड़वारी राम अगरिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह घर में ही किराना दुकान का संचालन करता है। 17 जनवरी को रात्रि लगभग 11 बजे परिवार सहित सो गये थे। रामप्रसाद का बेटा अनिल कुमार गौरा गौरी का कार्यक्रम देखने ग्राम चांपा गया हुआ था। 18 जनवरी की सुबह करीब 6 बजे देखा कि घर के दुकान का दिवाल के उपर तरफ का ईट को तोड़कर दुकान अदर घुसकर अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान में रखे मेरे मोबाईल आईफोन-12 कीमती लगभग 25 हजार एवं दुकान में रखे नगदी रकम 20 हजार रुपये, एक नग ब्लूटूथ स्पीकर कीमती लगभग 2 हजार रुपए, कुल कीमती 47 हजार रुपये को चोरी कर ली गई है। इसी प्रकार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत मानसनगर निवासी शकुन्ता पटेल उम्र 50 वर्ष पति स्व संतोष पटेल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 10 जनवरी को घर में ताला बंद कर दिल्ली गयी हुई थी कि 14 व 15 जनवरी की दम्यिानी रात किसी अज्ञात चोर के द्वारा इसके मकान का ताला तोडकर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व ⏭ शेष पेज 3 पर

### नहर के उपर से काट ले गए लोहे की प्लेट

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 17 जनवरी को अज्ञात चोरों ने ढोढ़ीपारा स्थित नहर पार करने के लिए लोहे का पुलिया (ब्रिज) जिसे अज्ञात चोर द्वारा रातोरात चोरी कर लिया गया है। जिसका उपयोग वार्डवासी एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए किया करते थे। वार्ड वासियों के द्वारा इसकी सूचना वार्ड पार्षद को दिया जिसके बाद वार्ड पार्षद ने घटना स्थल का निरीक्षण जहां अज्ञात चोरों ने गैस कटर के माध्मय से ब्रिज पार करने के लिए बनाए गए लगभग 10 टन वजनी लोहे को काटकर चोरी की है। लगातार जिले में इसी तरह की कई घटनाएं सामने आ रही है। कबाड़ का अवैध कारोबार करने वाले लोग रेल पाथ सहित ऐसी स्थानों में घुसकर बड़ी चोरी को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि एक दिन पहले ही पुलिस ने दो कबाड़ियों के ठीकाने पर दबिश दी थी और राताखार स्थित एक कबाड़ी के गोदाम को सील भी किया है।

### नाबालिक के गले से सोने का लॉकेट पार

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी के मकान नंबर एनसी 36 निवासी विनय कुमार सोनी पिता स्व शिव कुमार सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके दो पुत्र है जिनकी देखभाल के लिए कजरी सारथी नामक महिला निवासी पथर्रीपारा को रखा गया था। विगत दिनों उसके छोटे पुत्र के गले मे सोने का लाकेट था वजनी 4.180 ग्राम एवं दाना 1.750 ग्राम कुल कीमती लगभग मसरूका 35 हजार रुपए का नहीं था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने संदेही कजरी सारथी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।


## नया रजिस्ट्रेशन कक्ष बनने के बाद मिलेगी राहत

# जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज संबद्धता के बाद ओपीडी का बढ़ा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का सीधा असर ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या पर पड़ा है। पहले जहां प्रतिदिन औसतन 3 सौ मरीज ओपीडी में आते थे, वहीं अब यह संख्या लगभग तीन गुना से अधिक हो गई है। मरीजों की बढ़ती भीड़ के कारण अस्पताल की मौजूदा व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ा है।

ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रजिस्ट्रेशन कक्ष के सामने पर्याप्त स्थान न होने के कारण अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार को पूरी तरह बंद करना पड़ा। वहां मरीजों और उनके परिजनों के लिए अस्थायी वेटिंग एरिया बनाया गया है। फिलहाल मरीज पुराने आपातकालीन गेट से अस्पताल में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी समय में इसी क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ के कारण आवाजाही में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान हेतु भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम द्वारा अस्पताल परिसर में बाहरी ओपीडी रजिस्ट्रेशन कक्ष सह वेटिंग एरिया का निर्माण कराया जा रहा है। इस नए प्रतीक्षालय में लगभग 5 सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी, जिससे मरीज और उनके परिजन आराम से ⏭ शेष पेज 3 पर



नया रजिस्ट्रेशन कक्ष।

### नए ओपीडी रजिस्ट्रेशन कक्ष से मिलेगी राहत

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर ने बताया कि अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी के पीछे सर्वसुविधायुक्त नया ओपीडी रजिस्ट्रेशन कक्ष सह प्रतीक्षालय बनाया जा रहा है। यहां रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ मरीजों को इलाज से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां एक ही स्थान पर मिलेंगी। इससे पुराने भवन में अनावश्यक भीड़ कम होगी और मरीजों को बेहतर सुविधा व राहत मिलने की उम्मीद हैं।

# दो आरक्षक को एसपी ने किया निलंबित, रिपोर्ट लिखाने पहुंची युवती को किया था वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों बांकीमोंगरा क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आयी थी। युवती अपनी बहन के साथ थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंची थी जहां ड्यूटी में तैनात दोनों आरक्षकों ने इसकी सूचना थाने के किसी भी अफसर को नहीं दी और युवती बिना रिपोर्ट लिखाये ही वापस लौट गई थी। मामला सामने आने के बाद कर्तव्य में लापरवाही और उदासीनता बरते जाने के कारण जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है।

**खास बात**

- बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ थे दोनों आरक्षक

पुलिस सूत्र के मुताबिक बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ आरक्षक राकेश मेहता और आरक्षक राजेन्द्र राज के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई हुई है। बताया जा रहा है कि मामला पिछले दिनों सामने आए गैंगरेप से जुड़ा है जिसमें डायल 112 के चालक सहित युवती के प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया जा चुका है। आरक्षक राकेश मेहता व राजेंद्र राज पर आरोप है कि पीड़िता द्वारा घटना के बाद बांकीमोंगरा थाना आने पर उसका आवेदन नहीं लिया गया था और उन्हें वापस कर ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### कोरबा की हरित क्रांति : इलेक्ट्रिक वाहनों से स्वच्छ भविष्य की ओर सशक्त कदम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित छत्तीसगढ़ राज्य इलेक्ट्रिक वाहन योजना ने कोरबा जिले में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। जिले में लगभग 4 लाख पेट्रोल और डीजल वाहनों के पंजीकृत होने के कारण बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण में लाने की चुनौती को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में यह योजना अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर वाहन मूल्य का 10 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये तक की सब्सिडी सीधे वाहन स्वामी के खाते में हस्तांतरित की जा रही है। जिला परिवहन कार्यालय कोरबा द्वारा डीलर पॉइंट रजिस्ट्रेशन के दौरान संबंधित वाहन स्वामी के बैंक खाते का विवरण लेकर ई-व्ही पोर्टल में प्रविष्टि एवं दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत सब्सिडी राशि का पारदर्शी तरीके से अंतरण किया जाता है। 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक जिले के 1774 वाहन स्वामियों को कुल 3 करोड़ 27 लाख 3 हजार 865 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा चुकी है। बढ़ती मांग और नागरिकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 2.50 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट भी स्वीकृत किया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता का प्रमाण उनके पंजीकरण आंकड़े हैं। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में कुल 1244 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 1488 हो गई।

### हृदय रोग से पीडित दिव्या ऑपरेशन के बाद जी रही है सामान्य जिन्दगी



**कोरबा।** विकासखण्ड के ग्राम मण्डीपारा भैंसमा निवासी कुमारी दिव्या पिता श्रवण कुमार खडिया प्राथमिक शाला में कक्षा दूसरी की छात्रा को हमेशा चलने-फिरने, खेलने-कूदने से सांस फूलने जैसी तकलीफ का हमेशा सामना करना पड़ता था। उसके माता-पिता तथा शिक्षक उसे होने वाली तकलीफ से बहुत परेशान थे। जब चिरायु योजना (आरबीएसके) की टीम उस स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भ्रमण किए तथा उस बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तो दिव्या के हृदय की धड़कन अन्य बच्चों की तुलना में असमानता पायी गई। इस संबध में दिव्या खडिया के माता-पिता को उसके स्वास्थ्य के बारे में चिरायु टीम के द्वारा बताया गया कि दिव्या के हृदय में छेद होने की संभावना है, यह सुनते ही उसके माता-पिता स्तब्ध रह गए और परेशान होते हुए बहुत सारे सवाल पूछे जैसे कि बच्ची को काई तकलीफ तो नहीं होगी, इसका इलाज कहॉं होता है, इलाज में कितना खर्च होगा हम तो गरीब है इतना पैसा कहॉं से लायेगे । उन्हें सांत्वना देते हुए चिरायु टीम के डॉक्टर द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा चिरायु योजना चलाई जा रही है इस योजना के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर (गरीब) बच्चों का जॉंच एवं उपचार निःशुल्क कराया जाता है।

### छिंदपुर में लो-वोल्टेज से जनजीवन प्रभावित, समाधान नहीं तो होगा घेराव



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदपुर में बिजली व्यवस्था चरमराने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपस्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक शाला तक केवल एक ही सिंगल केबल से विद्युत आपूर्ति की जा रही है, जिससे ओवरलोड और लो-वोल्टेज की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार उसी केबल पर वेल्डिंग मशीन चलने के कारण वोल्टेज बार-बार गिर रहा है। इससे मोटर बंद हो रही है और बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। परिणामस्वरूप पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्कूल की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णानंद राठौर ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व इस समस्या को लेकर विद्युत वितरण विभाग दीपका कार्यालय में सहायक अभियंता को लिखित आवेदन दिया गया था लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय लापरवाही से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कार्यपालन अभियंता कोरबा को पत्र सौंपकर मांग की है कि छिंदपुर में अलग से नई केबल लाइन बिछाई जाए ताकि ओवरलोड और लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिल सके। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दीपका कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

### किराए का भुगतान नहीं करने पर 8 दुकानें सील

**अम्बिकापुर।** दुकानों का लम्बे समय से मासिक किराए का भुगतान नहीं करने वाले व्यवसाइयों के विरूद्ध ननि प्रबंधन सख्त कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को ननि कर्मियों ने शहर के बाबूपारा स्थित अटल आवास के पास दुकान नंबर 6,9 बिलासपुर चौक स्थित दुकान क्रमांक 7,8 एवं मठपारा स्थित दुकान क्रमांक 2, 2, 5 एवं 6 को सील कर दिया। कार्रवाई में राजस्व अधिकारी निलेश केरकेट्टा, सहायक राजस्व अधिकारी विजय कुजूर, शशांक दुबे एवं शिवेन्द्र बहादुर शामिल थे।

## कौशल विकास कार्यक्रम में दिया जा रहा रोजगार का प्रशिक्षण

# स्थानीय प्रतिभाओं के साथ बालको लिख रहा है आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की इबारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने विस्तार परियोजना, आधुनिक तकनीक और कौशल विकास में लगातार निवेश किया है। इससे इंजीनियरिंग, प्रचालन, रखरखाव, सुरक्षा, प्रशासन, सामुदायिक विकास और अन्य क्षेत्रों में अच्छे रोजगार के अवसर बने हैं। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को राज्य से बाहर जाए बिना ही बड़े और वैश्विक स्तर के काम करने का मौका मिल रहा है।



प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारी।

युवाओं के लिए बालको में नौकरी सिर्फ एक रोजगार नहीं, बल्कि परिवार के सपनों की पूर्ति है। इन्हीं में से एक रायगढ़ के रिशोरा गांव की रहने वाली स्मिता प्रधान, जो बालको में जूनियर एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत हैं। इसी तरह रायगढ़ की मिथिला प्रधान, जो पॉटलाइन में जूनियर एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत हैं। वे बताती हैं कि रसायन विज्ञान में मास्टर्स करते समय मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इतना आधुनिक और औद्योगिक वातावरण मिलेगा। यहाँ हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है, जो मेरे भविष्य को आकार दे रहा है। साथ ही अपने जड़ों से जुड़े रहते हुए आगे बढ़ना मेरे लिए बेहद संतोषजनक है। फाउंड्री में शिफ्ट इंचार्ज देवाशीष पटेल के लिए बालको का माहौल उनके कॉलेज के दिनों की याद दिलाता है। वे कहते हैं कि यहां सीखने का तरीका बहुत सहयोगात्मक और व्यावहारिक है। काम के बाद टाउनशिप के खुले और हरित वातावरण में समय बिताना उन्हें सुकून देता है। बेक ओवन में कार्यरत पीजीटी मनीष कुमार पटेल बताते हैं कि बालको छत्तीसगढ़ के कॉलेजों से युवाओं को अवसर देता आ रहा है। वे कहते हैं कि जो अवसर पहले दूर लगते थे, वे आज हमारे अपने राज्य में ही मिल रहे हैं। हाल ही में शादी के बाद मनीष कहते हैं कि बालको ने संयंत्र के वातावरण को लेकर मेरी सोच बदल दी है। यहां हरा-भरा परिसर, परिवार के लिए आवास और अच्छा कार्य-जीवन संतुलन मिलता है। आज जब जूनियर मुझसे सलाह लेते हैं, तो मैं गर्व से अपने काम और संगठन दोनों के बारे में बताता हूं। बालको के 70 प्रतिशत से अधिक प्रत्यक्ष कर्मचारी और 80 प्रतिशत से ज्यादा अप्रत्यक्ष कर्मचारी छत्तीसगढ़ से ही हैं। कंपनी स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का मंच देती है। शॉपफ्लोर से लेकर तकनीकी, सुपरवाइजरी और प्रबंधन स्तर तक, बालको योग्यता और क्षमता के अनुसार अवसर प्रदान करता है। इस तरह बालको न सिर्फ छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान दे रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार कर रहा है। यही कारण है कि बालको आज भारत की एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद एल्यूमिनियम कंपनी के रूप में पहचानी जाती है।

# राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन संपन्न



पथ संचलन करती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग की सेविकाओं का पथ संचलन का कार्यक्रम रविवार को दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर में संपन्न हुआ। जिसमें कोरबा, जांजगीर -चांपा एवं सक्ति जिला की सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रांत प्रचार प्रमुख श्रीमती रचना नायडू रहीं। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर की प्रमुख चिकित्सक डा अन्नपूर्णा बोर्डे उपस्थित रहीं।

पथ संचलन का शुभारंभ दोपहर 3 बजे दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर से प्रारंभ हुआ जो कि सुभाष चौक निहारिका होते हुए घंटाघर से पुनः दशहरा मैदान में आकर समाप्त हुआ। पथ संचलन में सेविकाओं ने कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। जगह जगह भारत माता की जयकारे के साथ लोगों ने पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्रीमती रचना नायडू ने राष्ट्र सेविका समिति के इतिहास एवं सेविकाओं के राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# लापरवाही न बरतें, पाली महोत्सव को सफल, सुरक्षित बनाने तैयारी करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखण्ड के केराझरिया में आगामी 15 एवं 16 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में महोत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बताया कि पाली महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग को नोडल अधिकारी एवं एसडीएम पाली रोहित सिंह को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी विभागों को स्पष्ट रूप से दायित्व सौंपते हुए निर्देशित किया कि सौंपे गए कार्यों का गंभीरता एवं समन्वय के साथ निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पाली महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, इस हेतु इसकी सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। बैठक में मंच एवं बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रित कलाकारों के निमंत्रण, उनके आगमन एवं ठहरने की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी, विभागीय योजनाओं का स्टॉल, महोत्सव का प्रचार-प्रसार सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें तथा महोत्सव को सफल, सुरक्षित एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के लिए समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करें। इस दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत कसेर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एसआईआर के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को मताधिकार का बताया जा रहा महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ०ग० रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के दिशा-निर्देश में जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कड़ी में 20 जनवरी को शा.ई.व्ही.पी.जी. कॉलेज कोरबा के स्वीप टीम के द्वारा कोरबा नगरीय क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को मताधिकार का महत्व बताया गया।




नुक्कड़ नाटक के दौरान उपस्थित कलाकार।

स्वीप टीम के युवा छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कोसाबाड़ी, निहारिका क्षेत्र में मताधिकार का मजबूत संदेश दिया। इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी कोरबा सतीश प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर युवाओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने जिले में संचालित किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े स्वीप टीम के युवा छात्र-छात्राओं के योगदान की सराहना करते हुए उपस्थित नागरिकों को विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. में निर्धारित 22 जनवरी तक अनिवार्य रूप से अपने मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ. से संपर्क कर अपने नाम का परीक्षण करने एवं किसी प्रकार की त्रुटि सुधार करने के लिए दावा-आपत्ति करने के लिए प्रेरित किये। इस अवसर पर सतीश प्रकाश सिंह सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी कोरबा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन की जानकारी देते हुए मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व बताया तथा 16वां एनव्हीडी का थीम माई इंडिया माई वोट तथा टैगलाईन इंडियन सिटिजन एट दी हीट आफ इंडियन डेमोक्रेसी के संबंध में अवगत कराया।

# अवधूत भगवान राम के अनन्य दिवस पर सर्वेश्वरी समूह ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने अवधूत भगवान राम के अनन्य दिवस पर शासकीय चिकित्सालय कोरबा के प्रसुति वार्ड में जरूरतमंदों को कंबल और शॉल वितरित किए। कोरबा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी एवं उनके स्टाफ के साथ बालकोनगर अवधूत आश्रम की संरक्षक इंदु शर्मा एवं पी.एन शर्मा, पदाधिकारी सत्येंद्र दुबे, के.एल शर्मा, आर.के. त्रिवेदी, संतोष शांडिल्य, सुधा शर्मा, नीलम सिंह, कुसुम शर्मा, हेमलता शांडिल्य, वेदिका सिंह आदि ने कंबल वितरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट भागीदारी की। इस अवसर पर चिकित्सालय के अधिकारियों और स्टाफ ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित मानव कल्याण के 19 सूत्रीय कार्यक्रमों की प्रशंसा की। अनन्य दिवस के अवसर पर आश्रम परिसर में श्रमदान, गुरु पूजन, सफलयोनी पाठ और विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर शाखा मंत्री संतोष शांडिल्य ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के स्वयंसेवकों ने आश्रम परिसर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।




कार्यक्रम में उपस्थित समूह के पदाधिकारी।

अनन्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री शांडिल्य ने बताया कि अवधूत भगवान राम को साधना के दौरान अनेक लोगों से तिरस्कार मिला। कई दिन बिना अन्न-जल के उन्हें गुजारना पड़ा। इसी क्रम में माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन उन्हें एक वृद्धा स्त्री के द्वारा अन्न दिए जाने पर आध्यत्मिक ज्ञान की अनुभूति हुई। उसके बाद कभी भी उन्हें जीवन में किसी भी भौतिक वस्तु की कमी नहीं हुई। वृद्धा स्त्री को अवधूत भगवान राम ने मां अन्नपूर्णा का अवतार मानते हुए समाज से मिलने वाली सभी भौतिक वस्तुओं को समाज कल्याण के लिए अर्पित कर दिए। इसलिए प्रति वर्ष माघ कृष्ण चतुर्दशी को अनन्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। श्री शांडिल्य ने बताया कि अनन्य दिवस देश भर में समस्त सर्वेश्वरी समूह शाखाओं में धूमधाम से आयोजित किया जाता है।

# उद्योग मंत्री ने शालेय शिक्षक संघ कोरबा के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शालेय शिक्षक संघ कोरबा के वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2026 का विमोचन उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा संगठन को बधाई देते हुए कहा भविष्य निर्माता शिक्षक समाज को सदैव छात्र हित में सकारात्मक कार्य करें तथा शिक्षा के माध्यम से सशक्त समाज के निर्माण करें।



कैलेंडर विमोचन करते उद्योग मंत्री व शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई कोरबा द्वारा संभाग प्रभारी भवदीप दुबे के मार्गदर्शन प्रांतीय पदाधिकारी रामचरण साहू, जिलाध्यक्ष वेदव्रत शर्मा के नेतृत्व में मंत्री से सौजन्य भेंट की गई। इस दौरान संघ द्वारा वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन कराया गया। श्री देवांगन ने शालेय शिक्षक संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी शिक्षकों को एकजुट, संगठित रहकर छात्र हित में निरंतर कार्य करने का संदेश दिया। संघ के वार्षिक कैलेंडर विमोचन के अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव धनश्याम प्रसाद रस्तोगी, जिला पधारीकारी महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ईश्वरी तिवारी सह प्रभारी हेमलता राठौर जिला पदाधिकारी वीरू गुप्ता, वेगेंद्र साहू, राकेश एक्का, उदय शर्मा, गणेश राम प्रजापति, खगेंद्र कौशिक, आरती सराफ, पायल साहू, सरिता आदिले, ललिता तिवारी, ममता राज, आरती केशरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष पोड़ीउपरोड़ा विनोद चंद्रा, ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा भानू प्रसाद साहू, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा समीम खान ब्लॉक अध्यक्ष पाली प्रकाश चंद्र निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष करतला विजेंद्र पाटले, ब्लाक उपाध्यक्ष कटघोरा संदीप जायसवाल, संगठन सचिव प्रहलाद श्रीवास, गजेन्द्र सिंह सुमन, राज लाल मरकाम, दौलत राम कुर्रे, विनोद श्रीवास, कमलेश्वर भारद्वाज, जीवन बघेल एवं अन्य शिक्षक साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# 20 साल काम करने के बाद भी सरकार रसोइयों को कलेक्टर दर पर मानदेय नहीं दे रहीः सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीमती सुनीता मिरी जिला अध्यक्ष मध्यान भोजन रसोइया संघ कोरबा ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे बुधवारी बाजार के पास महाराणा प्रताप चौक आदिवासी भवन कोरबा में जिला स्तरीय बैठक रखा गया था जिसमें पूरे जिले के रसोईया उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी में सरकार ने स्पष्ट कहा है कि सभी रसोईयों का मानदेय 50 प्रतिशत वृद्धि करेंगे लेकिन सरकार का 2 साल पूरा हो गया परंतु हमारी मांग आज भी अधूरा है इसलिए जिले और प्रदेश के सभी रसोईया सरकार से नाराज है। आगे सुनीता ने कहा कि रसोईया 20 से 25 सालों से स्कूलों में मध्यान भोजन बनाने का काम कर रही है किन्तु सरकार को कोई मतलब नहीं न समय पर मानदेय मिलता है न ही मानदेय में वृद्धि किया जाता है प्रदेश के लाखों रसोईया बहुत कम मानदेय में काम करने में मजबूर है और कम मानदेय में काम कराना सरकार की मंशा है। सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के छोटे वर्ग के रसोईया का मानदेय बढ़े। बैठक में जिले के सभी रसोईया का यही कहना है कि सब सरकार से बहुत आक्रोश है नाराज है सरकार 20 सालों में भी बेहतर मानदेय नहीं दे सकी। हमारी मांग है कि सरकार 20 साल के कार्यकाल को देखे और कोई ठोस निर्णय लेकर कम से कम कलेक्टर दर पर मानदेय दे। बैठक में जिले प्रमुख पदाधिकारी ओमलता साहू, राजबी बेगम,मनीषा बंजारे, तुलेश्वरी पटेल,सरोज आदि सैकड़ों जिला के सदस्य शामिल हुए।



### एक साल में भी नहीं सुधार सके खंभा

**मड़वारानी।** 11 केवी का तीन खंभा पूरी तरह से झुक गए हैं। जमीन से महज 6 फीट ऊपर है। सोहागपुर सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले ग्राम खरहरकुड़ा के पास इस तरह से तीन खंभा झुका हुआ है। विद्युत विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है। यह खंभा कभी भी गिर सकता है। जिससे कभी भी बड़ी हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी बिजली विभाग को दे दिया गया है इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने अभी तक खंभा को सीधा करने में कोई कदम नहीं उठाया है। इससे खामियाजा खरहरकुड़ा के ग्रमीणों को भुगतना पड़ सकता है। 11 केवी का तीन खंभा कभी भी गिर सकता है। वर्तमान में खेती किसानी का दिन है किसान प्रतिदिन खेत जाते हैं उन्हें डर है कि उनके साथ कोई अनहोनी घटना न हो जाए। इसके बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# साहित्य अकादमी कोरबा का वार्षिक कैलेण्डर विमोचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

सियान सदन घंटाघर चौक में लखन लाल देवांगन वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम एवं आबकारी मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य में एवं सावित्री अजय कंवर सभापति वन समिति कोरबा के अध्यक्षता में और विशिष्ट अतिथि भरत लहरे कार्यपालन अभियंता, रामहरि शराफ प्राचार्य डाइट कोरबा, अजय कंवर, श्रीमती मीना लहरे, नरेंद्र देवांगन, प्रकाश अग्रवाल, मिलाप बरेठ, राजेश राठौर, नरेंद्र पाटनवर, दिनेश वैष्णव, शैलेश सिंह सोमवंशी के आतिथ्य में लखनलाल देवांगन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के शुभ कर कमलों से शिक्षक कला व साहित्य अकादमी कोरबा का वार्षिक कैलेण्डर 2026 का विमोचन हुआ। अकादमी के जिलाध्यक्ष डॉ. गीता देवी हिमधर ने बताया कि संयोजक व संस्थापक डॉ. शिवनारायण देवगन के मार्गदर्शन से कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को मंत्री के हाथों सम्मानित किया गया। जिसमें रामहरि शराफ प्राचार्य डाइट कोरबा, गोपाल प्रसाद बंजारे प्राचार्य लाफा, डॉ. जगन्नाथ हिमधर राज्यपाल पुरस्कृत प्राचार्य नवापारा को शिकसा श्रेष्ठ प्राचार्य से सम्मानित किया गया। बेदराम जाटवर, मनमोहन सिंह राठिया, दिनेश जोशी ,अमृता कंवर व्याख्याता, प्रिय दुबे राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका, गौरी शंकर महंत, अंजू सिंह सोमवंशी, गीता बंजारे,पार्वती जायसवाल, शकुंतला बंजारे, मनोज प्रधान, जगजीवन कैवर्त्य,सावित्री करियारे, पुसाऊ राम पात्रे,भोज सिंह राठिया, बालकृष्ण गुप्ता, विजेंद्र पाटले, गोपालकृष्ण सिंह सहित 40 शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षा दीप और 20 से अधिक लोगों को शिक्षा शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया।कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही माननीया सावित्री कंवर,विशिष्ट अतिथि माननीय अजय कंवर, भरत लहरे कार्यपालन अभियंता, राम हरि शराफ प्राचार्य ने कार्यक्रम के प्रथम सत्र को संबोधित कियाऔर अकादमी के कार्यों का प्रशंसा किए।अकादमी के संरक्षक गोपाल प्रसाद बंजारे और अकादमी के निज सलाहकार डॉ.जगन्नाथ हिमधर ने अकादमी के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी गेवरा की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**कोरबा।** जिले में संचालित डीएवी विद्यालय के छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नई दिल्ली के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ईस्ट विनोद नगर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष के अलग-अलग आयु वर्ग में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 15 हजार प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीएवी स्कूल गेवरा की छात्रा कनक चतुर्वेदी एवं वैष्णवी कश्यप ने पदक जीतकर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया। 17 वर्ष आयु वर्ग के 63 किलोग्राम वजन समूह में हिस्सा लेते हुए कनक चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कनक की माता अंजू चतुर्वेदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डीएवी स्कूल गेवरा के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन और सहयोग से कनक ने यह सफलता हासिल की है, जिससे पूरा परिवार गौरवान्वित है। उल्लेखनीय है कि कनक माता कर्मा मंदिर परिसर स्थित कर्मा तेजस्वी खेल विकास संगठन में समिति अध्यक्ष रेनू तिवारी एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित रूप से अभ्यास करती हैं। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### श्री अखंड त्रिदिवसीय राम चरित्र मानस गायन 23 से

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार पुरानी बस्ती नवरात्र चौक में श्री अखंड त्रिदिवसीय राम चरित्र मानस गायन का आयोजन 23 जनवरी से पूजन, स्थापना एवं रामायण मानस यज्ञ आरंभ होकर 26 जनवरी हवन, सहस्त्र धारा, प्रसाद वितरण के साथ विश्राम होगा। पूजन अनुष्ठान आचार्य पंडित योगेश मिश्रा के सानिध्य में होगा।

### ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन कृष्णा 11 रहा विजेता



**कोरबा।** मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेंट्रल स्टेडियम एसईसीएल में कृष्णा इलेवन विरुद्ध एएचसी बिलासपुर के मध्य खेला गया। जिसमें कृष्णा इलेवन विजय रहा प्रथम मैच के मुख्य अतिथि राकेश श्रीवास्तव हरिभूमि ब्यूरो चीफ, विशिष्ट अतिथि सुशील गर्ग उपस्थित रहे। दूसरा मैच ब्रजराज नगर (उड़ीसा) विरुद्ध एमएस क्लब कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें एमण्य क्लब कोरबा विजय रहा। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि बीबी साहू अध्यक्ष, जिला क्रिकेट संघ कोरबा व एमबी पटेल टीआई कोतवाली व विशिष्ट अतिथि विवेक शर्मा, जीत सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकास सिंह, अध्यक्ष, मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी, अशोक लोध, सुनील शर्मा, महेंद्र सिंह, अनिल प्रजापति, अंकित वर्मा, वीर सिंह, अमित सिंह व खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### पाली महोत्सव के आयोजन हेतु चयन समिति गठित

**कोरबा।** जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का आयोजन 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति दे सकते हों, ऐसे कलाकारों से निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आवेदनों (आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि) के चयन हेतु चयन समिति का गठन कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा किया गया है।

## निधन

### श्रीमती अमृत बाई



**बांकीमोंगरा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित संजीवनी औषधालय में पदस्थ ग्राम नोनबिर्रा निवासी वरिष्ठ वैद्यराज लोमश कुमार बच्छ एवं उनके भाई अनिल कुमार बच्छ की माता श्रीमती अमृत बाई 96 वर्ष की 19 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनका अंतिम संस्कार विजय नगर के मुक्तिधाम मे किया गया, जिसमें उनके रिश्तेदार, समाज व ग्रामीणजन शामिल हुए।

# समाज की एकता ही समाज को उन्नति और समृद्धि की ओर ले जाती है : महंत

## नेता प्रतिपक्ष, सांसद व पूर्व मंत्री हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

**खास बात**

- क्षत्रिय राठौर समाज के प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



समाज के लोगों को जागरूक करना, सामाजिक समस्यायों का समाधान करना, समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और समाज के लोगों का हर संभव सहयोग करना ही सामाजिक व्यवस्था है। समाज की एकता ही समाज को उन्नति और समृद्धि की ओर लेकर जाती है। कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में क्षत्रिय राठौर समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उक्त बातें विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने क्षत्रिय राठौर समाज के सामाजिक भवन में क्षत्रिय राठौर समाज के प्रदेश स्तरीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम की अति विशिष्ट अतिथि सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि समाज में सामाजिक पदाधिकारियों की भूमिका कई पहलुओं पर आधारित होती है जो सामाजिक दायित्व और नैतिक कर्तव्यों से जुडी होती है। समाज को सशक्त बनाना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि क्षत्रिय राठौर समाज पूरे प्रदेश में एकजुटता के साथ कार्य करते हुए समाज एवं प्रदेश को और भी ऊँचाइयों तक लेकर जा रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि जब वे 2008 में पहली बार विधायक बने तब उन्होंने विधायक निधि की 90 प्रतिशत राशी सामाजिक भवनों के लिए दिया। सबसे पहले 2 लाख किचन कक्ष एवं 2 लाख कमरा निर्माण के लिए दिया। महापौर रेणु अग्रवाल एवं महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अन्य विकास कार्यों के लिए 5-5 लाख की राशि मंजूर किये, वहीं सांसद डॉ. चरणदास महंत ने भवन एवं मंच निर्माण के लिए कुल 10.50 लाख की राशि मंजूर किया साथ ही 5 लाख की राशी बालको प्रबंधन से सहयोग दिलवाया गया। वर्ष 22-23 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 लाख की राशि प्रदान कर इस स्थल को संवारने का कार्य किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि इसी प्रकार हमने कोरबा में विभिन्न समाजों को उनके सामाजिक कार्यों के लिए स्थान के साथ साथ भवन बनवाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए काम करवाया और आगे भी आप सबके आशीर्वाद से सामाजिक उत्थान के कार्य को गति प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम में मुकेश राठौर, हरीश परसाई, मनोज चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभाग को दिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश

# सुरक्षा के लिए बाल संप्रेक्षण गृह की बाउंड्रीवाल की बढ़ाई जाएगी उंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर श्री दुदावत।

बाल संप्रेषण गृह की व्यवस्थाओं पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने, सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस हेतु विभाग को प्रस्ताव तैयार करने की बात कही। उन्होंने शिक्षा विभाग से स्कूली विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों से संबंधित शैक्षणिक डाटा का प्रभावी डिजिटलीकरण किया जा सके।

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं, विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं का प्रभावी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया कि प्रशासनिक कार्यों में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कार्यालयों में आधार-फेस आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने इस प्रणाली के माध्यम से दर्ज उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर उपस्थित होकर ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचाव हेतु इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन किया जाए तथा इसे शीघ्र ही सभी खण्ड स्तरीय कार्यालयों में भी लागू किया जाए। किसी भी तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु एनआईसी से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने, ऋण वितरण में तेजी लाने एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सियान जतन कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से शिविर आयोजित कर वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

# युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना प्रमुख लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्रम विभाग, कौशल विकास और उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों से इस वर्ष की कार्ययोजनाओं की जानकारी ली गई और लक्ष्य के अनुरूप विभागीय उपलब्धियों में वृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुदावत ने श्रम विभाग अंतर्गत नौनिहाल छात्रवृत्ति, मेधावी छात्र योजना, श्रमिक आवास योजना, अटल उत्कृष्ट योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीकृत श्रमिकों और उनके बच्चों को प्राथमिकता के साथ लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही, श्रमेव जयते पोर्टल पर सभी प्रविष्टियां समयबद्ध तरीके से दर्ज करने के निर्देश दिए। लाईवलीहुड कॉलेज अंतर्गत अंतर्गत कलेक्टर ने विश्वकर्मा योजना में चिन्हांकित हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने युवाओं का सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, कमर्शियल ड्राइवर, मोबाइल रिपेयरिंग, स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान कर कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही विभाग की इंडस्ट्रीज पार्टनर्स से समन्वय स्थापित कर उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्रेड्स में युवाओं को प्रशिक्षित करने, आजीविका से जुड़े सतत एवं दीर्घकालिक परिणाम सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने इस हेतु एक व्यवस्थित और दीर्घकालीन कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्योग विभाग की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नई औद्योगिक नीति के तहत अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने और स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाना के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# साडा कन्या स्कूल और बालको स्कूल की छात्राओं ने ली बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ



संकल्प पत्र के साथ छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) बसंत मिंज के निर्देशन में जिले में 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी. नगर एवं शासकीय कन्या शाला बालको में एनीमिया निवारण, विधिक साक्षरता एवं शासकीय योजनाओं पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बालिकाओं के स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर विषय एनीमिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा एनीमिया के प्रमुख लक्षण, कारण और उनके बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं को संतुलित और पौष्टिक आहार, विटामिन-सी युक्त फलों के सेवन, फोलिक एसिड एवं कैल्शियम सप्लीमेंट के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही समय-समय पर हीमोग्लोबिन की जांच कराने और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी गई। नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी श्रीमती रजनी मारिया द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करते हुए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, पॉक्सो एक्ट ,पॉश एक्ट और शी-बॉक्स जैसी विधिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को आपातकालीन स्थिति के लिए टोल-फ्री नंबर 181, 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), सखी वन स्टॉप सेंटर और डायल 112 की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। अभियान के अंतर्गत बाल विवाह को एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध बताते हुए प्राचार्यों, शिक्षकों की उपस्थिति में छात्राओं को शपथ दिलाई गई। सभी ने एक स्वर में 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक के विवाह को रोकने और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

## 150 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन .केशरी के नेतृत्व में 19 एवं 20 जनवरी को जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा विभाग के शिक्षकों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के 150 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में तम्बाकू से होने वाली हानिकारक बिमारियों, कैंसर, हृदय रोग, सांस लेने की समस्या और अन्य तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुस्प्रभावों के बारे में जानकारी दिया गया। कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं को विस्तार से बताया गया साथ ही तम्बाकू सेवन से छुटकारा पाने तथा स्कूलों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने निर्धारित मापदंडों को बताया गया। कार्यशाला में जिला चिकित्सालय कोरबा में स्थित तम्बाकू नशामुक्ति केन्द्र में दी जा रही निःशुल्क परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों के बारे में जानकारी दिया गया। इसके साथ ही स्कूलों के लिए आईसी सामग्री तथा पाम्पलेट वितरित किया गया।

# भिलाई खुर्द के विस्थापितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विस्थापितो से मिलते पूर्व मंत्री।

**खास बात**

- पूर्व राजस्व मंत्री ने कोयला मंत्री को लिखा पत्र

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को पत्र लिखा है जिसमें उल्लेख किया गया है कि ग्राम भिलाई खुर्द (क्रमांक-1) के सैकड़ों विस्थापित परिवार आज गहरे अन्याय और प्रशासनिक उपेक्षा के शिकार हैं। एसईसीएल मानिकपुर खदान विस्तार परियोजना के नाम पर ग्रामीणों को उनके पैतृक घरों से उजाड़ा जा रहा है, लेकिन बदले में उन्हें कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 और छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान नियम 2015 के अनुरूप अधिकार और राहत नहीं दी जा रही है।

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा दिया जा रहे 6.78 लाख का विस्थापन पैकेज पूरी तरह अपर्याप्त है और यह नीति की मूल भावना व बेहतर जीवन स्तर के साथ खुला मज़ाक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोल इंडिया की आर एंड आर नीति के अनुसार विस्थापितों को केवल नकद राशि नहीं, बल्कि आवास, सड़क, बिजली, पेयजल, स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जो वर्तमान में नहीं दी जा रही हैं। श्री अग्रवाल ने यह भी आपत्ति दर्ज कराई कि एसईसीएल प्रबंधन वर्ष 2023 की कट-ऑफ सूची को आधार बना रहा है, जबकि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार सर्वेक्षण वर्तमान तिथि तक मान्य होना चाहिए। वर्तमान में बने मकानों को बाहर रखना ग्रामीणों को जानबूझकर नुकसान पहुँचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ फंड और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना का उद्देश्य खनन से प्रभावित मूल निवासियों के जीवन स्तर में सुधार करना है, लेकिन भिलाई खुर्द के 50-60 मूल निवासी परिवारों को जानबूझकर मुआवजे से वंचित रखा गया है, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। श्री अग्रवाल ने एसईसीएल प्रबंधन की वादाखिलाफी को भी उजागर किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रत्येक विस्थापित परिवार को मानिकपुर जीएम कार्यालय के पास 6 डिसमिल भूमि देने का स्पष्ट आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब उस वादे से मुकरकर ग्रामीणों को बेहद कम राशि थमाई जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लूटपाट के मामले...

को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। वहीं मामले के दो अन्य आरोपी सुल्तान हुसैन एवं कामरान अंसारी की पता तलाश किया जा रहा है। वहीं इन्हीं आरोपियों ने चैतमा चौकी क्षेत्र में साई फ्यूल्स में 16 जनवरी की रात भी लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

### टी-बार की आड़...

में दर्ज किए गए। निहारिका के पास एक व्यक्ति के द्वारा सार्वजनिक स्थल पर गाली गलौच, वाद विवाद कर शांति व्यवस्था को भंग करने वाले व्यक्ति पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया इस तरह पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी ऐसे संवेदनशील एवं अड्डेबाजी वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाएगी एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

### दो सूने मकानों...

नगदी सहित कुल 62 हजार रुपए को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

### जिला अस्पताल में...

अपनी बारी का इंतजार कर सकेंगे। नए ओपीडी रजिस्ट्रेशन कक्ष से पुराने भवन और ट्रामा सेंटर में संचालित संबंधित ओपीडी विभागों तक पहुंचने के लिए शेड का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि मरीजों को मौसम की मार से बचाया जा सके। रजिस्ट्रेशन के समय ही मरीजों को उनकी बीमारी से संबंधित ओपीडी विभाग की जानकारी और लोकेशन दी जाएगी, जिससे वे सीधे संबंधित कक्ष तक पहुंच सकें। चलने में असमर्थ मरीजों के लिए व्हीलचेयर की भी व्यवस्था रहेगी।

### दो आरक्षक को...

दिया गया था और आरक्षकों ने इस तरह की किसी भी घटना की जानकारी बांकीमोंगरा थाना प्रभारी या किसी भी अफसर को नहीं दी। जिसे कर्तव्य में लापरवाही मानते हुए जांच उपरांत पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक राकेश मेहता व राजेंद्र राज को निलंबित कर दिया है।

### शपथ-पत्र

मैं चिराग अग्रवाल उम्र 27 वर्ष पिता केशव कुमार अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छग) का निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूँ। मेरा आधार नं. 3283 1455 9730 है।
2. यह कि मेरे पिता का नाम केशव कुमार अग्रवाल पिता श्री महाबीर प्रसाद अग्रवाल है।
3. यह कि मेरे कुछ दस्तावेज पर मेरा नाम चिराग अग्रवाल पिता केशव अग्रवाल दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मेरा वास्तविक नाम चिराग अग्रवाल पिता केशव कुमार अग्रवाल है जो कि सत्य एवं सही है।
5. यह कि मेरा नाम चिराग अग्रवाल पिता केशव अग्रवाल के स्थान पर मेरा नाम चिराग अग्रवाल पिता केशवकुमार अग्रवाल के नाम से जाना व पढ़ा लिखा जाये।
6. यह कि इस शपथपत्र की मांग चिराग अग्रवाल पिता केशव अग्रवाल के स्थान पर मेरा नाम चिराग अग्रवाल पिता केशव कुमार अग्रवाल के नाम से सुधार हेतु यह शपथपत्र निष्पादित करता हूँ।

**शपथकर्ता**
**चिराग अग्रवाल**
**पिता केशव कुमार अग्रवाल**
**निवासी ग्राम कटघोरा तहसील कटघोरा**
**जिला कोरबा (छग)**

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202512050700020
अ-6/2025-26
ग्राम भेजीनारा, प.ह.नं 07
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरतलाल पिता बाबूलाल, जाति-मरार, निवासी ग्राम सिंघाली, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम भेजीनारा, प.ह.नं. 07 तहसील कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 180, 210/17 एवं 210/18 रकबा क्रमशः 1.659, 0.955 एवं 1.335 हे. कुल ख.नं. 03 एवं कुल रकबा 3.949 भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में भागवत, भरतलाल, प्यारेलाल, कमला बाई, विमला बाई पिता बाबूलाल, देवलाल, रामलाल, झब्बूलाल पिता समझराम, रामकुमार, रमेश कुमार, प्रकाश, सावित्री बाई, ईश्वरी रुकमणी, पुष्पा, पिता बैजनाथ एवं श्याम बाई पति बैजनाथ के नाम पर संयुक्त रुप से दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार भागवत पिता बाबूलाल की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.01. 2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202601050700011
अ-6/2025-26
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं 10
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीकांत शर्मा पिता अरुण कुमार शर्मा जाति- ब्राम्हण, निवासी ग्राम गोपीबंदपारा, तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10 तहसील कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 503 (शा.नं. 504), 505, 508 एवं 618/2 रकबा क्रमशः 0.032, 0.105, 0.073 एवं 0.016 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.226 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में पुष्पा द्विवेदी पति शत्रुहन प्रसाद द्विवेदी, उर्फ फेकू महराज के नाम पर दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार पुष्पा द्विवेदी की मृत्यु होने के उपरांत अपंजीकृत वसीयतनामा (अंतिम इच्छा पत्र) विलेख के आधार पर राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उक्त वर्णित खसरा नंबर की भूमि में वसीयतग्राहिता (आवेदक) श्रीकांत शर्मा पिता अरूणकुमार शर्मा का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27/01/2026 हो न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**

**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कोरबा**
**जिला कोरबा (छग)**

### आम ईश्तहार / नोटिस

प्र.क्र. 89/2024
पेशी तारीख 06/02/2026

**प्रियंका सोनी** — **आवेदक/वादी**
**बनाम**
**विनय सोनी वगैरह** — **अनावेदक/प्रतिवादी**

उपरोक्त आवेदक/वादी प्रियंका सोनी ने अनावेदक/प्रतिवादी विनय सोनी वगैरह के विरूद्ध आवेदन अतर्गत धारा 12 (1) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 तहत न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छग) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 06-02-2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक / प्रतिवादी विनय सोनी पिता स्व. गौरीशंकर उम्र लगभग 31 वर्ष, निवासी गांधी चौक कतियापारा जूना बिलासपुर जिला बिलासपुर (छग) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 06.02.20.26 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोट- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 07.01.26 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**(डॉली ध्रुव)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कोरबा, जिला कोरबा (छग)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### कुशवाहा समाज का नववर्ष मिलन समारोह संपन्न

**कोरबा।** कुशवाहा समाज कल्याण समिति का नववर्ष मिलन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन फुटाफड़ा बालको में किया गया जिसमें समाज के 3 सौ से अधिक लोग पहुंचे थे। समाज के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज को नई दशा दिशा देने के लिए काम किया जा रहा है। इस नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष अनोखेलाल वर्मा, वरिष्ठ सदस्य राम स्वरूप सिंन्हा, रामशंकर सिंह, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमेरिका मेहता, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, रणजीत मेहता, फागुनी मेहता, दिनेश सिंह, संजय मेहता एवं अन्य कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### स्वान पर कर रहे थे हमला, पुलिस से शिकायत

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनि मंदिर सीतामणी के समीप दो युवक मंगलवार की सुबह एक कुत्ते को पीट-पीट कर मार रहे थे। इस बीच एक युवक की उन लोगों की नजर पर तो उस युवक ने ऐसी हरकत न करने के लिए कहा तो उन युवकों ने उस युवक के साथ मारपीट कर गाली गलौच की है। युवक ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस से कही है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अयोध्या की यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का हुआ स्वागत

**कोरबा।** सिविक सेंटर स्थित माधव प्रभात शाखा में संक्षिप्त कार्यक्रम किया गया। यहां पर राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतिम सोपान में रखी गई राम श्रद्धा सेतु यात्रा के अंतर्गत बालकोनगर क्षेत्र से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत सत्कार कर भेंट अर्पित की गई। इस अवसर पर संघ चालक और कार्यवाहक अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि ईश्वर की अनुकंपा से न केवल बालकोनगर बल्कि जिले से अयोध्या की यात्रा करने वाले सभी श्रद्धालुओं ने बड़ा संदेश देने का काम किया। मौसम के प्रतिकूल होने पर भी यात्रा का निर्विघ्न संपन्न होना अपने आपमें बड़ी बात रही। कहा गया कि मौसम और स्वास्थ्य के मद्देनजर सभी आवश्यक संसाधन सुलभ थे लेकिन उनकी उपयोगिता की जरूरत नहीं रही। कोरबा से अयोध्या जाने और आने के दौरान पूरे मार्ग में आम लोगों और प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों की सहृदयता भी अपने आपमें बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले से तीन अरब 34 करोड़ 54 लाख 40 हजार राम नाम लेखन वाली तीन लाख पुस्तकें अंतरराष्ट्रीय सीताराम बैंक में जमा कराई गई है। जिले से शुरु किए गए इस अभियान से छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के बड़े हिस्से में लोगों को प्रेरणा मिली। इस दौरान लोगों को कई संकल्प दिलाए गए।

### राम मंदिर बालको में 121 सुहागिनों का भव्य सुहागिन पूजन संपन्न

**कोरबा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राम मंदिर बालको में 121 सुहागिनों का भव्य सुहागिन पूजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक आशा तिवारी, किरण शर्मा, रश्मि दुबे, स्मिता शर्मा कोरबा, निशा द्विवेदी, विनीता तिवारी, अर्चना दीवान, प्रियंका मिश्रा, सौम्या शर्मा, रक्षा तिवारी, निहारिका शुक्ला, श्रद्धा शर्मा, स्वीटी शर्मा और अन्य महिलाएं थीं। इस अवसर पर साधना शर्मा, अंजू शुक्ला, मंजू तिवारी, इंदु सतेन्द्र दुबे, विनीता त्रिपाठी, अंजली मिश्रा, श्रद्धा विवेक शर्मा, विनीता तिवारी, मीना गिरीश शर्मा, मीना शर्मा, निहारिका शुक्ला, विनीता तिवारी, नीलम शर्मा, चंद लेखा पांडे उरगा, ममता तिवारी, ममता शर्मा, सीमा अमित शर्मा, बसंती तिवारी, कावेरी अवस्थी, रूखमणि देवी बेलसरी, ऊषा पाण्डे, चंद्रा वली दुबे, लता तिवारी कोरबा, सोनल, प्रीति, निधि, बेबी श्वेता, विकाश शर्मा, संतोषी राजेन्द्र तिवारी, रोशनी शुक्ला, रश्मि चौबे, चांदनी तिवारी, नीता शुक्ला, अंकिता आदि उपस्थित थे।

# विष्णु सरकार में जिला खनिज न्यास का बेहतर तरीके से हो रहा उपयोग : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा विधानसभा का समग्र विकास ही उनकी प्राथमिकता है। कोरबा विधानसभा क़े साथ साथ पूरे जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता क़े साथ पूरी की जा रही है। विष्णुदेव सरकार में जिला खनिज न्यास का बेहतर तरीके से उपयोग हो रहा है। डीएमएफ की पहली ही बैठक में ही जिले क़े सभी जर्जर हो चुके शासकीय स्कूलों एवं आँगनबाड़ी भवनोंके नवीन निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाई गई थी। इसके साथ साथ अधोसंरचना क़े सड़क, पुल-पुलिया, नाली, पेयजल, विद्युत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण वार्ड और नगर बनाना हेतु हम दृढ़ संकल्प होकर कार्य कर रहे हैं।

अलग खबर

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मंगलवार को निगम क़े दर्री जोन क़े दो स्थानों पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में के दौरान कही। इस दौरान श्री देवांगन ने सात वार्ड़ो में 2 करोड़ 32 लाख की लागत बनने वाले विकास कार्यों की आधारशिला रखी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर क़े शासकीय स्कूल बदहाल हो चुके थे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन क़े प्रयासों से सभी जर्जर हो चुके स्कूलों के नवीन भवन हेतु राशि की स्वीकृति मिली है, इसी के परिणाम है कि एक साथ सभी स्कूलों का निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्यों को गति दी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ये विकास कार्यों का स्वर्णिम युग है, जब केंद्र में मोदी सरकार, राज्य में विष्णु सरकार और कोरबा में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन और महापौर संजू देवी विकास कार्यों को नए आयाम दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मुकुंद सिंह कंवर, राधे यादव, विक्रम तिवारी, किशन कैवर्त, अयोध्या कंवर, सरोज शांडिल्य, जनक सिंह, बुधवार साय यादव, तीरथ साहू, प्रीति दिनेश शर्मा उपस्थित रहे।

### दर्री क्षेत्र के 5 सरकारी स्कूलों को दी नवीन भवन की सौगात

**खास बात**

- 2 करोड़ 30 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की रखी नींव



## मौजूदा स्थिति में रामपुर सब स्टेशन से हो रही है विद्युत आपूर्ति


# मदवानी में 4 करोड़ की लागत से तैयार होगा सब स्टेशन, दो दर्जन गांव को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम मदवानी और उसके आसपास बसने वाले दो दर्जन से अधिक गांव में बेहतर विद्युत व्यवस्था हो सके इसके लिए विद्युत वितरण विभाग ने मदवानी में ही 4 करोड़ के लागत से सब स्टेशन स्थापित करने का फैसला लिया है इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आने वाले एक वर्षों में जब सब स्टेशन बंदकर तैयार हो जाएगा इसके बाद लगभग दो दर्जन से अधिक गांव के लगभग 20 हजार आबादी को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

**खास बात**

- लाईन लंबी और जंगली क्षेत्र होने की वजह से पावर कट की बनी रहती है समस्या



उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर ग्राम मदवानी और उसके आसपास बसने वाले 30 गांव को सुदूर वनांचल क्षेत्र रामपुर सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है। लाइन लंबी होने की वजह से और वनांचल क्षेत्र होने की वजह से आए दिन फाल्ट की समस्या रहती है खासतौर पर गर्मी और बारिश के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों को खासी पावर कट की समस्या झेलनी पड़ती है या फिर लो वोल्टेज की बढ़ती समस्या को देखते हुए विद्युत वितरण विभाग के डीई शत्रुघ्न प्रसाद सोनी ने ग्राम मदवानी में सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा था। जहां मुख्यालय ने अब मदवानी में सब स्टेशन बनाने की स्वीकृति दे दी है। बताया जाता है कि 4 करोड़ के लागत से मदवानी में सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद काम शुरू हो जाएगा इसके बाद आने वाले एक वर्षों के भीतर क्षेत्र के लोगों को नए सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी और पावर कट की समस्या और लो वोल्टेज की समस्या से निजात भी मिल सकेगा।

**हो सकेगी बेहतर विद्युत आपूर्ति**

मदवानी में लगभग 4 करोड़ की लागत से सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय ने स्वीकृति दे दी है। जिसके लिए टेंडर के प्रक्रिया प्रोजेक्ट द्वारा किया जा रहा है। जिसके बाद काम शुरू होगा और क्षेत्र की आबादी को आने वाले वर्षों में बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

-शत्रुघ्न प्रसाद सोनी, डीई विद्युत वितरण विभाग कोरबा

# मड़वारानी जा रहे श्रद्धालुओं के ऑटो में लगी आग, बाल बाल बचे लोग



धूं धूंकर जलता आटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

एक ऑटो चालक अपने परिवार के सदस्यों को लेकर दर्शन के लिए पहाड़ पर मड़वारानी मंदिर जा रहा था कि इसी दौरान उसकी ऑटो में आग लग गई। ऑटो में सवार चालक और श्रद्धालु कूदकर जान बचाने में सफल रहे लेकिन ऑटो पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। घटना कैसे और किन परिस्थिति में हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मड़वारानी पहाड़ पर मंगलवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दर्शन के लिए जा रही एक चलती ऑटो में अचानक आग लग गई। यह हादसा पहाड़ की चढ़ाई के दौरान पेट्रोल पाइप फटने से हुआ। ऑटो में सवार परिवार ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते ऑटो से उतर कर अपनी जान बचा ली। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ऑटो पूरी तरह जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार बरपाली निवासी राकेश कुमार बरेठ अपने परिवार के साथ मां मड़वारानी के दर्शन के लिए ऑटो से पहाड़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही ऑटो पहाड़ की चढ़ाई पर पहुंचा, वाहन ऊपर चढ़ने में संघर्ष करने लगा। अधिक दबाव के चलते पेट्रोल पाइप फट गया और इंजन के अत्यधिक गर्म होने से ऑटो में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऑटो धू-धू कर जलने लगा।

# पॉम मॉल के सामने नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी की तो खैर नहीं



कोतवाली में बैठक लेते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पावर हाउस रोड स्थित पॉम मॉल के बाहर अक्सर लोग सड़क पर ही गाड़ी पार्किंग कर देते हैं जिसकी वजह से आए दिन जान की स्थिति निर्मित होती है। आने वाले दिनों में जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए नगर पुलिस अधीक्षक ने मॉल प्रबंधन, निगम के अफसर व यातायात पुलिस के अधिकारियों की बैठक ली है और उन्हें मॉल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आम नागरिकों को जाम से राहत दिलाना होगा।

टीपी नगर स्थित पॉम माल परिसर एवं उसके आसपास मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित पार्किंग एवं यातायात बाधा की समस्या के निराकरण हेतु आज थाना सिविललाइन रामपुर में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन में सिविल लाईन थाना में नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी द्वारा पुलिस विभाग, नगर निगम, राजस्व विभाग एवं यातायात शाखा के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। उपस्थित अधिकारियों में नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा, जोन प्रभारी नगर निगम, तहसीलदार कोरबा, थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर, यातायात शाखा एवं संबंधित चौकी प्रभारी शामिल रहे। बैठक के दौरान पॉम मॉल के सामने एवं आसपास मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु मॉल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित पेट्रोलिंग एवं यातायात पुलिस की तैनाती की जाएगी। आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए चेतावनी बोर्ड एवं संकेतक लगाए जाएंगे। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने एवं मार्ग को सुगम बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। बैठक में तहसीलदार दीपक पटेल, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल, नगर निगम की ओर से अखिलेश शुक्ला, जोन प्रभारी विकास शुक्ला, पॉम मॉल प्रबंधन से नितेश सिंह एवं अंकित पाण्डेय, ट्रैफिक विभाग से एएसआई मनोज राठौर तथा सीएसईबी चौकी से एएसआई महिपाल सिंह उपस्थित रहे।

# डामर फैक्ट्री से कॉलेज परिसर में बढ़ रहा प्रदूषण, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा कृषि महाविद्यालय परिसर एवं छात्रावासों में इन दिनों गंभीर प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। कॉलेज के ठीक सामने संचालित डामर (अस्फाल्ट) फैक्ट्री से निकलने वाला धुआँ, धूल एवं प्रदूषित कण लगातार कॉलेज परिसर में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

डामर फैक्ट्री से उठने वाला धुआँ बॉयस हॉस्टल एवं गर्ल्स हॉस्टल तक पहुँच रहा है। इसके कारण छात्रों को साँस लेने में दिक्कत, आँखों में जलन, खाँसी तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ हो रही हैं। साथ ही प्रदूषित वातावरण के कारण पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि 20 जनवरी से प्रैक्टिकल परीक्षाएँ शुरू होने वाली हैं, लेकिन वर्तमान प्रदूषण की स्थिति में अध्ययन करना अत्यंत कठिन हो गया है। यह समस्या न केवल छात्रों के वर्तमान स्वास्थ्य, बल्कि उनके भविष्य के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला कोरबा इकाई कटघोरा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, पोड़ी उपरोड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने डामर फैक्ट्री की जाँच कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने एवं उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि कॉलेज परिसर और छात्रावासों को प्रदूषण से मुक्त कराया जा सके। एबीवीपी ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाने की अपील की है। छात्रों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान करेगा।

# दीपका क्षेत्र के अधिग्रहित ग्रामों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका क्षेत्र के क्षेत्रिय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने अधिग्रहित ग्राम कटकीडाबरी एवं नवापारा का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ महाप्रबंधक (संचालन) संजीव कुमार, राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी रोशन मेश्राम एवं अनिल पाटले उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान ग्राम सरपंच ओमप्रकाश कंवर, जनपद सदस्य सुश्री नेहा तवर तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। दौरे के दौरान ग्रामीणों द्वारा तालाब सौंदर्यीकरण, सड़क निर्माण एवं धूल नियंत्रण हेतु जल छिड़काव कार्यों की मांग रखी गई, जिस पर एरिया महाप्रबंधक द्वारा शीघ्र ही सभी कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के प्रति सकारात्मक सहयोग व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कटकीडाबरी शासकीय विद्यालय को आगामी गर्मी को देखते हुए पाँच सिलिंग फेन भेंट किए गए।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण पर जताया सकारात्मक सहयोग

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## ऐतिहासिक उत्सव का किया आयोजन

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ढोल-नगाड़ों के साथ मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के प्रभारी व बिहार सरकार में मंत्री एवं कुशल संगठनकर्ता नितिन नबीन को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले में ऐतिहासिक उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला के तत्वाधान में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक खुशी मनाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का वातावरण बन गया। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नितिन नबीन को जमीन से जुड़े, समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता नेता बताया। सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने और उनकी उत्कृष्ट सांगठनिक क्षमता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा को नई ऊर्जा मिलेगी, संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा राष्ट्र के विकास की गति और तेज होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन का चयन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के रूप में नितिन नवीन जी के अनुभव का लाभ पार्टी को मिला है, जिससे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में उत्साह दोगुना हो गया है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विकास अग्रवाल, अशोक चावलानी, संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, मंजू सिंह, योगेश जैन, प्रफुल्ल तिवारी, लक्की नंदा, कमला देवी बरेठ, अजय दुबे, अर्जुन गुप्ता, प्रीति स्वर्णकार, राकेश नागरमल अग्रवाल, ज्योति वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



जश्न मनाते भाजपाई।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411